Land Allotted to Sanjay Gandhi Memorial Trust

6691. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI:
SHRI CHIMANBHAI MEHTA:

Will the Minister of URBAN AFFAIRS & EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Sanjay Gandhi Memorial Trust Foundation has been allotted Government premises or land anywhere in Delhi;

(b) whether any premises have been give on Willingdon Cresent; and

(c) what are the terms of handling over land and premises?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN AFFAIRS & EMPLOYMENT (SHRI P. K. THUNGON): (a) to (c) Sanjay Gandhi Memorial Trust has been allotted Bungalow No. 12, Willingdon Crescent (Type VIII) on leave & licence basis for use as office with the approval of competent authority on payment of licence fee under FR 45-A (i.e. normal rent). No land has been allotted to Sanjay Gandhi Memorial Trust so far.

कमजोर वर्गों को आवास सुविधायें

6692. श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरौला :
श्री ईशदत्त यादव :
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समाज के कमजोर वर्गों को आवास सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इस संबंध में शुरू की गयी परियोजनाओं के नाम क्या हैं ; और

(ग) इस संबंध में कितने प्रतिशत प्रगति की गयी है और इससे कितने व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं ?

शहरी कार्य और रोजगार राज्य मंत्री (श्री पी॰के॰ थुंगन) : (क) राष्ट्रीय आवास नीति आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की आवासीय आवश्यकताओं पर विशेष बल देती है । इस नीति का मुख्य उद्देश्य सभी लोगों की विशेषकर बेघरों, अपर्याप्त आवास वाले व्यक्तियों एवं उपेक्षित वर्ग की सहायता करना है ताकि उन्हें क्रय-योग्य आवास मुहैया हो सके । आवास राज्य का विषय होने के कारण केन्द्र सरकार, शहरी एवं ग्रामीण निर्धन को आवासीय सुविधा प्रदान करने वाली केन्द्रीय योजनाओं के द्वारा राज्य सरकारों के प्रयासों में मदद करती है ।

(ख) और (ग) गत तीन वर्षों के दौरान शहरी निर्धनों के लिए कोई नई आवासीय योजना नहीं चलायी गयी है । तथापि, गत तीन वर्ष (1992–93 से 1994–95) के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए केन्द्र/राज्य क्षेत्र की वर्तमान योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति इस प्रकार है :—

क्रम सं॰	योजना का नाम	निर्मित एकक/ उन्नत एककों की संख्या (लाखों में)
1.	आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग आवासन (राज्य क्षेत्र)	3.12
2.	नेहरु रोजगार योजना के के अंतर्गत आवास उन्नयन	3.74 (वर्ष 1988–89 से संचयी)
3	शहरी पटरीवासियों के लिये सफाई सुविधा एवं रैन बसेरे	0.14 (बिस्तर/ शौच सीट)
4.	इन्दिरा आवास योजना (ग्रामीण आवास)	8.27